आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.06.2025 समय : 1905

- सरकार के ग्यारह वर्ष के अंतराल में महिला सशक्तिकरण पर भारत केदृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है ।
- आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के नब्बे वर्ष पूरे किए।
- आयुष मंत्रालय ने योग संगम पोर्टल पर संगठनों को पंजीकरण कराने का आहवान किया ।
- द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हुई।

<><><><><><><>

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर भारत ने एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। महिला सशक्तिकरण के लिए भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है, जो कल्याण से आगे बढ़कर समावेश, सम्मान और समान अवसर की ओर बढ़ गया है। सरकार का प्रमुख पोषण कार्यक्रम, मिशन पोषण 2.0, बच्चों, किशोरियों और माताओं पर केंद्रित है। न केवल बेहतर पोषण बल्कि, प्रारंभिक बचपन की शिक्षा प्रदान करने के लिए दो लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जा रहा है। इस एकीकृत दृष्टिकोण को पोषण भी पढ़ाई भी जैसी पहलों द्वारा समर्थित किया जाता है, जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण प्री–स्कूल शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करती हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं ने सुरक्षित प्रसव और मातृ देखभाल तक पहुँच सुनिश्चित की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत, बारह करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। उज्ज्वला योजना ने दस करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। जल जीवन मिशन ने पन्द्रह करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल का पानी पहुँचाया है। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल नामांकन में लगातार वृद्धि देखी गई है। सुकन्या समृद्धि योजना, जिसमें चार दशमलव दो करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं, ने बालिकाओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। कानूनी सुधारों में, ट्रिपल तलाक का उन्मूलन और ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसके तहत संसद और राज्य विधानसभाओं में तैंतीस प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, लैंगिक न्याय और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक निर्णायक बदलाव को दर्शाता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के नब्बे वर्ष पूरे कर लिए हैं। आठ जून उन्नीस सौ छत्तीस को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसकी आवाज़ पीढ़ियों तक गूंजती रही है। आज आकाशवाणी पांच सौ इक्यानब्बे स्टेशनों का संचालन करती है जो भारत की अट्ठानब्बे प्रतिशत आबादी को तेईस भाषाओं और एक सौ छियालीस बोलियां में प्रसारण प्रदान करती है। आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज को विश्‍व स्तर पर प्रसारित करता है और प्रवासी समुदाय से जुड़ता है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के अपने आदर्शों पर चलते हुए आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग इस विशाल देश के हर निवासी को विभिन्न भू–भागों में चौबीस घंटे सातों दिन सभी प्रमुख भाषाओं और बोलियों में उच्चतम पेशेवर नैतिकता और मानकों का पालन करते हुए समाचार और विचार प्रदान करता है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–सत्ताईस बैच के लिए वेसल नेविगेटर और मरीन फिटर पर चयनित उम्मीदवारों को करियर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कोच्चि, चेन्नई और विशाखापत्तनम में स्थित मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, का केंद्रीय मत्स्य पालन नौवहन और इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान यह प्रशिक्षण प्रदान करता है। ये दो साल की अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत आयोजित किए जाते हैं, जिसे श्रम मंत्रालय के रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा शुरू किया गया है। जिन विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान में अलग–अलग चालीस प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। सभी चयनित प्रशिक्षुओं को एक हजार पांच रूपये का मासिक भत्ता प्रदान किया जाएगा। वी एन सी और एम एफ सी पूरा होने पर, योग्यता रैंक के आधार पर संस्थागत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें बीस हजार पांच सौ रूपये प्रतिमाह भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा आवेदक या माता–पिता द्वारा हस्ताक्षरित बांड के साथ एक बार वर्दी भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। आरक्षण नीति के अनुसार, मछुआरों के बच्चों के लिए चौबीस सीटें आरक्षित हैं, जिन्हें संबंधित राज्यों के मत्स्य आयुक्त या निदेशक के माध्यम से नामित किया जाता है। ये सीटें बिना प्रवेश परीक्षा के भरी जाएंगी। मछुआरा समुदाय के इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन चौदह जून तक मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी और आवेदन

पत्र www.cifnet.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र के मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

देशभर के 30 हज़ार से ज़्यादा संगठनों ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम योग संगम–दो हजार पच्चीस में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय कर रहा है। इस वर्ष योग दिवस की थीम, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के विविध स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दो हजार पच्चीस की प्रमुख विशेषता भागीदारी को ट्रैक करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल है। आयुष मंत्रालय ने समर्पित पोर्टल yoga.ayush.gov.in या yoga-sangam लॉन्च किया है, जहां संगठन अपने कार्यक्रमों को पंजीकृत कर सकते हैं और आधिकारिक प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भागीदारी डेटा अपलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

कैम्पबेल बे के गांधी नगर में आज नए कैथोलिक चर्च का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में आठ सौ से अधिक लोग एकत्रित हुए। वर्षों की लंबी प्रक्रिया के बाद चर्च का निर्माण कर ईसाई समुदाय को सौंप दिया गया।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक कार निकोबार में उनहत्तर मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में साठ, लांग आइलैंड में बत्तीस दशमलव आठ, श्री विजयपुरम में इक्कतीस दशमलव तीन, मायाबंदर में पच्चीस, हटबे में इक्कीस दशमलव चार और ननकौड़ी में दस दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है, जो बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को बारह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में पेशेवर तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित की गई है। बी डी एस, बी ए एम एस, होटल प्रबंधन, बी एस सी बी एड, जनरल नर्सिंग, बी एस सी नर्सिंग, बी ई, बी टेक, मलयाली मूल के विद्यार्थियों के लिए एम बी बी एस और बी ए एम एस पाठ्यक्रमों के अलावा डिप्लोमा और पी जी की राज्यवार सीटें आरक्षित हैं। इस सम्बंध में शिक्षा विभाग की ओर से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपो के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन इक्कीस जून की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों से आवेदन फार्म भरने के लिए निर्देशों का पालन करने और अच्छी तरह से जानकारी हासिल करने को कहा गया है।

<><><><><><><>